भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 90
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जन स्वास्थ्य संबंधी खर्च में भारत का स्थान

90. श्रीमती हेमा मालिनीः
श्री प्रभात झाः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि जनस्वास्थ्य पर खर्च के मामले में भारत विश्व में सबसे निचले पायदान पर है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश में संतोषजनक पैमाने पर दवा खरीद सकने वाले परिवारों की संख्या लगातार घट रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं?

उ त्त र

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य व्यय के आधार पर देशों की रैंकिंग विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित नहीं की गई है। तथापि, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित विश्व स्वास्थ्य सांख्यिकी, 2011 के अनुसार वर्ष 2008 में जन स्वास्थ्य पर व्यय भारत के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में 1.36 प्रतिशत है, जबकि वर्ष 2008 में कुछ चयनित देशों में स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय अर्थात् चीन में 2.03 प्रतिशत, बंगलादेश में 1.04 प्रतिशत, पाकिस्तान में 0.84 प्रतिशत, श्रीलंका में 1.79 प्रतिशत, इन्डोनेशिया में 1.25 प्रतिशत है।

(ग) और (घ): सरकार को ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है जिसमें यह बताया गया हो कि सन्तोषजनक स्तर तक औषधियों को खरीदने की सामर्थ्य वाले परिवारों की संख्या देश में लगातार घट रही है।